**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 बुधवार** **दिनांक 01.04.2026**

**मुख्य समाचारः—**

- **विश्व की सबसे बड़ी जनसंख्या प्रक्रिया, जनगणना—दो हजार सत्ताईस का पहला चरण आज से शुरू।**
- **आज नए वित्तीय वर्ष से प्रमुख वित्तीय नियमों में बदलाव सहित कई सुधार देशभर में लागू हो गए हैं।**
- **केन्द्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने कहा कि खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स का उद्देश्य हर गांव से चैंपियन तैयार करना है।**
- **खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स में छत्तीसगढ़ के गजेन्द्र ठाकुर ने आठ सौ मीटर दौड़ में रजत पदक हासिल किया—राज्य की पुरूष फुटबॉल टीम अरूणाचल प्रदेश को हराकर फाइनल में पहुंची।**

**जनगणना 2027**

विश्व की सबसे बड़ी जनसंख्या प्रक्रिया, जनगणना—दो हजार सत्ताईस का पहला चरण आज से शुरू हो गया है। जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी। पहले चरण में मकान सूचीकरण और दूसरे चरण में जनसंख्या की गणना होगी। इसके लिए पहली मार्च, दो हजार सत्ताईस को संदर्भ तिथि निर्धारित की गई है।

पहली बार, जनगणना डिजिटल माध्यम से होगी। इसमें स्व—गणना का विकल्प भी उपलब्ध होगा। यह स्व—गणना आज से लेकर पन्द्रह अप्रैल तक जारी रहेगी। मकान सूचीकरण और आवास गणना सोलह अप्रैल से शुरू होकर पन्द्रह मई तक जारी रहेगी। मकान सूचीकरण में सभी भवनों और संरचनाओं की सूची तैयार की जाएगी तथा आवासीय स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं और परिसंपत्तियों से संबंधित जानकारी जुटाई जाएगी। भवनों की जियो—टैगिंग भी की जाएगी और प्रत्येक संरचना को एक विशिष्ट पहचान संख्या दी जाएगी। देशभर में इस कार्य के लिए तीस लाख से अधिक गणनाकर्मी, पर्यवेक्षक और अन्य अधिकारी तैनात किए गए हैं। साथ ही, नागरिक सोलह भाषाओं में अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज करा सकेंगे। दूसरा चरण अगले वर्ष फरवरी में आयोजित किया जाएगा। इसमें आयु, लिंग, व्यवसाय, साक्षरता और जाति संबंधी विवरण एकत्र किए जाएंगे।

**नये नियम लागू**

आज से नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत हो गई है। इसके साथ ही प्रमुख वित्तीय नियमों में बदलाव सहित कई सुधार देशभर में लागू हो गए हैं। नए वित्त वर्ष के पहले दिन आज आयकर अधिनियम—दो हजार पच्चीस ने छह दशक से भी अधिक पुराने आयकर अधिनियम का स्थान ले लिया है। इसमें पुराने प्रावधानों को हटाकर, जटिल नियमों को सुव्यवस्थित किया गया है। इसे करदाताओं के लिए अनुपालन को अधिक सरल बनाकर कर प्रणाली को आसन बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशानुसार आज से देश में सभी डिजिटल भुगतान लेनदेन के लिए टू फैक्टर ऑथेंटिकेशन—दो—कारक प्रमाणिकरण के मानदंडों को पूरा करना अनिवार्य होगा। चालू वित्तीय वर्ष के लिए फास्ट टैग वार्षिक पास का संशोधित शुल्क भी आज से लागू होगा। इसके साथ ही स्थायी खाता संख्या पेन कार्ड के लिए आवेदन करने या उसे अपडेट करने के संशोधित नियम भी आज से प्रभावी होंगे।

**डिजिटल सेवा**

राज्य सरकार के कोष और लेखा संचालनालय ने नये वित्तीय वर्ष से कई नई डिजिटल सेवाओं की शुरुआत की है। इनमें ई—चालान के तहत ओवर द काउंटर—ओटीसी प्रणाली को आज से लागू कर दिया गया है। इससे अब सभी प्रकार की शासकीय प्राप्तियों का भुगतान ऑनलाइन किया जा सकेगा। नागरिक और संस्थाएं आसानी से चालान तैयार कर राजस्व जमा कर सकेंगे।

इसके साथ ही आज से ही कोषालयों में ऑनलाइन बीटीआर सुविधा भी शुरू हो गई है, जिससे लेखांकन कार्यों में गति और सटीकता आएगी। इसके अलावा राज्य में एक केंद्रीय कोषालय का भी शुभारंभ किया गया है। इस व्यवस्था के तहत भारत सरकार से प्राप्त राशि का भुगतान समायोजित प्रणाली एकीकृत शीघ्र हस्तांतरण—एसएनए स्पर्श के माध्यम से की जा सकेगी। कोष और लेखा संचालनालय ने नई वेबसाइट **डीटीए डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन** भी लॉन्च की है, जहां उपयोगकर्ताओं को विभाग से संबंधित जानकारी, विभिन्न ऑनलाइन सेवाएं और जरूरी सुविधाएं एक ही मंच पर उपलब्ध होंगी।

## केन्द्रीय खेल मंत्री–पत्रकारवार्ता

केंद्रीय खेल और युवा कल्याण राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने आज रायपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार और राज्य सरकार साथ मिलकर खेल संस्कृति को बढ़ावा दे रही हैं। इसी कड़ी में प्रथम खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स का आयोजन छत्तीसगढ़ में किया जा रहा है। इस तरह के आयोजन से युवाओं के आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि खेलों के द्वारा विकसित भारत के सपनों को साकार करने की कोशिश होगी।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि अस्मिता लीग का आयोजन भारत सरकार का एक सराहनीय प्रयास है। इस वर्ष अस्मिता लीग का आयोजन देश के दो सौ पचास जिलों में किया गया, जिसमें लगभग दो लाख महिलाएं शामिल हुईं।

इससे पहले, केंद्रीय राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के तहत धरमपुरा क्रीडा परिसर का दौरा किया। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स एक सामाजिक आंदोलन है, जिसका उद्देश्य देश की खेल विरासत को पुनर्जीवित करना, आदिवासी युवाओं को अवसर देना और हर गांव से चैंपियन तैयार करना है। उन्होंने बताया कि स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के कोच सभी प्रतियोगिता स्थलों पर तैनात हैं, जो उभरती प्रतिभाओं की पहचान कर रहे हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को सीधे खेलो इंडिया कार्यक्रम से जोड़ा जाएगा, जिससे उनका जमीनी स्तर से राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का मार्ग आसान होगा। इससे पहले, केंद्रीय राज्य मंत्री सुश्री रक्षा निखिल खडसे ने आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज उनके निवास कार्यालय में सौजन्य भेंट की।

## खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स

छत्तीसगढ़ में चल रहे खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स में आज हॉकी, फुटबॉल और एथलेटिक्स और तीरंदाजी के मुकाबले हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ दो स्वर्ण, आठ रजत और चार कांस्य पदक सहित कुल चौदह पदक जीतकर फिलहाल पदक तालिका में दसवें स्थान पर है।

आज जगदलपुर में हुई एथलेटिक्स की पुरूष आठ सौ मीटर स्पर्धा में राज्य के गजेन्द्र ठाकुर ने रजत पदक प्राप्त किया है। इसके साथ ही रायपुर के सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में पुरुषों वर्ग की हॉकी स्पर्धा में छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के बीच तीसरे और चौथे स्थान के लिए मैच खेला गया। इसमें छत्तीसगढ़ ने मध्यप्रदेश को छह के मुकाबले चौदह गोल से हराकर कांस्य पदक जीत लिया है।

आकाशवाणी समाचार से बातचीत करते हुए छत्तीसगढ़ पुरूष हॉकी टीम के कप्तान अश्विन कुजूर ने इस जीत का श्रेय टीम के सभी खिलाड़ियों और कोच को दिया।

आज रायपुर में हुए पुरूष फुटबॉल के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ ने अरूणाचल प्रदेश को दो के मुकाबले तीन गोल से हराकर फाइनल में प्रवेश किया है। फाइनल में छत्तीसगढ़ का मुकाबला पश्चिम बंगाल की टीम से होगा। वहीं, महिला हॉकी के फाइनल मैच में आज ओडिशा ने मिजोरम को शून्य के मुकाबले एक गोल से हराया। इसके अलावा, तीसरे स्थान के लिए हुए मुकाबले में झारखंड ने मध्यप्रदेश को शून्य के मुकाबले चार गोल से हराकर कांस्य पदक जीता है। अब से कुछ देर के बाद पुरूष हॉकी का फाइनल मुकाबला झारखंड और ओडिशा के बीच खेला जाएगा। इस बीच, अम्बिकापुर में पिछले चार दिनों से जारी कुश्ती स्पर्धा का कल समापन हो गया।

## राज्यपाल–सामूहिक विवाह

राज्यपाल रमेन डेका आज कोरबा जिले के प्रवास के दौरान ग्राम ढपढप–बांकीमोंगरा में आयोजित दिव्य श्री हनुमंत कथा और एक सौ आठ दिव्यांग और निर्धन कन्याओं के सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने नवविवाहित जोड़ों से भेंट की और उनके सुखमय जीवन के लिए आशीर्वाद दिया। राज्यपाल ने सभी नवविवाहित जोड़ों को सम्मान स्वरूप पांच–पांच हजार रुपये की राशि प्रदान करने की घोषणा भी की।

## बुलेटिन–शुभारंभ

आकाशवाणी केन्द्र रायपुर के प्रादेशिक समाचार एकांश द्वारा आगामी पांच अप्रैल से पांच–पांच मिनट के दो अतिरिक्त प्रादेशिक समाचार बुलेटिन का प्रसारण किया जाएगा। यह समाचार बुलेटिन सुबह नौ बजकर पचपन मिनट से दस बजे तक और ग्यारह बजकर पचपन मिनट से बारह बजे तक प्रसारित किए जाएंगे। इनका प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्रों द्वारा किया जाएगा।

**मौसम**

मौसम विभाग के अनुसार कल छत्तीसगढ़ के एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने या गरज–चमक के साथ छीटें पड़ने की संभावना है। इसके साथ ही राज्य के कुछ स्थानों पर अंधड़ चलने और वज्रपात होने की चेतावनी भी दी गई है।

**संक्षिप्त समाचार**

– पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के मद्देनजर तेल विपणन कंपनियों ने व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में एक सौ पंचानवे रुपये पचास पैसे की वृद्धि की है।

– रायपुर के विधानसभा थाना क्षेत्र के अंतर्गत सेमरिया गांव में पूर्व पुलिसकर्मी ने अपनी पत्नी और सौतेली बेटी की हत्या कर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

– प्री. बी.एड. और प्री. डी.एल.एड. प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पच्चीस मार्च से शुरू हो गई है। अभ्यर्थी बारह जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

– संचालनालय तकनीकी शिक्षा द्वारा पालीटेक्निक कालेजों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन और परीक्षा कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी सत्रह अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

– धरसीवां क्षेत्र के ऐतिहासिक स्थल कुंवरगढ़ में कल इकतीस मार्च से तीन दिवसीय कुंवरगढ़ महोत्सव शुरू हो गया है।

– सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले की सरिया पुलिस ने अवैध गांजा तस्करी के आरोप में अंतर्राज्यीय गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास`से तिहत्तर किलोग्राम से अधिक गांजा बरामद किया गया, जिसकी कीमत लाखों रूपए आंकी गई है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>